तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **किशन वैष्णव** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353648815053740	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/09/25	अपीलार्थी किशन वैष्णव निवारी रघुनाथजी का मंदिर, अखेराज जी का तालाब कायालाना रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 28.07.2025 को गांव गेवा, जोधपुर में राजा महाराजा के वक्त किन–किन मन्दिरो की डोली की जमीन सन् 1858 से 1999 तक की सत्यापित प्रमाणित नकलो से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) जरिये पत्रांक 960 दिनांक 15.09.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख शाखा, कार्यालय हाजा द्वारा कुल 04 पृष्ठ की सूचना प्रेषित की जिसे कार्यालय के राजकाज रेफ. 17582940 पत्र दिनांक 04.09.2025 द्वारा प्रार्थी को प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.26 13:00:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
180130